प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन

पंतनगर। 22 जून 2022। बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की स्थापना 14 जुलाई को हुई थी। यह भारत की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत चीनी निर्माण कंपनी है तथा कंपनी की प्रमुख गतिविधियां चीनी का निर्माण और बिक्री है। इसके अलावा कंपनी द्वारा की गई व्यवसायिक गतिविधियों में मुख्य रूप से एल्कोहल और एथेनॉल उत्पादन और बिजली की बिक्री, कृषि उर्वरकों के निर्माण को आगे बढाने के लिए विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से आज विश्वविद्यालय के 3 विद्यार्थियों का चयन किया गया।

विश्वविद्यालय कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामना दीं। निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय, डा. दीपा विनय ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।